# अध्याय–10 | सजीव—विशेषताओं का अन्वेषण QUIZ-01

1. **निम्नलिखित में से कौन-सी सजीवों की विशेषता है?**
   A. श्वसन करना
   B. कभी न बढ़ना
   C. उद्दीपन पर प्रतिक्रिया न करना
   D. भोजन की आवश्यकता न होना (A)

*व्याख्या :* सभी सजीव श्वसन करते हैं। पौधों की पत्तियों के रंध्र वायु के आदान-प्रदान में सहायता करते हैं।

2. **शरीर से अपशिष्ट पदार्थों के निष्कासन को क्या कहते हैं?**
   A. पोषण
   B. उत्सर्जन
   C. जनन
   D. अंकुरण (B)

*व्याख्या :* पसीना, मूत्र तथा पौधों से निकलने वाला अतिरिक्त जल उत्सर्जन के उदाहरण हैं।

3. **छुई-मुई की पत्तियाँ छूने पर बंद होना किसका उदाहरण है?**
   A. वृद्धि
   B. जनन
   C. उद्दीपन के प्रति अनुक्रिया
   D. उत्सर्जन (C)

*व्याख्या :* स्पर्श एक उद्दीपन है और पत्तियों का बंद होना उसके प्रति पौधे की अनुक्रिया है।

4. **फली के बीजों के अंकुरण के लिए मुख्यतः क्या आवश्यक है?**
   A. जल और वायु
   B. केवल सूर्य का प्रकाश
   C. केवल मिट्टी
   D. अत्यधिक जल (A)

*व्याख्या :* फली के बीजों के अंकुरण के लिए जल और वायु की उपयुक्त मात्रा आवश्यक होती है। सामान्यतः प्रकाश अनिवार्य नहीं होता।

5. **अंकुरण के समय जल बीजावरण पर क्या प्रभाव डालता है?**
   A. उसे कठोर करता है
   B. उसे जला देता है
   C. उसे मुलायम करता है
   D. उसे सुखा देता है (C)

*व्याख्या :* जल बीजावरण को मुलायम करता है और अंदर के भ्रूण को पौधे में विकसित होने में सहायता देता है।

6. **पौधे की जड़ सामान्यतः किस दिशा में बढ़ती है?**
   A. ऊपर की ओर
   B. नीचे की ओर
   C. प्रकाश की ओर
   D. चारों ओर समान रूप से (B)

*व्याख्या :* पौधा सीधा हो या उल्टा, उसकी जड़ मुड़कर नीचे की ओर और प्ररोह ऊपर की ओर बढ़ता है।

7. **पौधे को केवल एक दिशा से प्रकाश मिलने पर प्ररोह किस ओर बढ़ता है?**
   A. जल की ओर
   B. मिट्टी की ओर
   C. प्रकाश की ओर
   D. नीचे की ओर (C)

*व्याख्या :* प्ररोह सूर्य के प्रकाश की दिशा में वृद्धि करता है, जबकि जड़ नीचे की ओर बढ़ती है।

8. **पौधे के जीवन-चक्र का सही क्रम कौन-सा है?**
   A. फूल → बीज → फल → अंकुरण
   B. बीज → अंकुरण → पौधा → फूल और फल
   C. फल → फूल → बीज → जड़
   D. पौधा → फल → अंकुरण → फूल (B)

*व्याख्या :* बीज अंकुरित होकर पौधा बनता है। परिपक्व पौधे में फूल और बीज वाले फल बनते हैं।

9. **मच्छर के जीवन-चक्र का सही क्रम क्या है?**
   A. अंडा → प्यूपा → लार्वा → वयस्क
   B. लार्वा → अंडा → वयस्क → प्यूपा
   C. अंडा → लार्वा → प्यूपा → वयस्क
   D. प्यूपा → अंडा → लार्वा → वयस्क (C)

*व्याख्या :* मच्छर अंडा, लार्वा, प्यूपा और वयस्क—इन चार अवस्थाओं से गुजरता है।

10. **टैडपोल की पूँछ का मुख्य कार्य क्या है?**
    A. भोजन पकड़ना
    B. जल में तैरना
    C. अंडे देना
    D. श्वसन रोकना (B)

*व्याख्या :* टैडपोल की पूँछ उसे जल में तैरने में सहायता करती है। वयस्क मेंढक बनने पर यह लुप्त हो जाती है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App